>

Title: Need to augment BSNL mobile service in Amreli Parliamentary Constituency in Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, सदन के माध्यम से सदन को सूचित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में बी एस एन एल की मोबाईल टेलीफोन सेवा बहुत ही खराब है लोगों के मोबाईल से क्नैक्शन नहीं मिलते हैं, मिल भी गये तो बीच में बात करते हुए कट जाते हैं और गांव का तो नेटवर्क ठीक तरह से काम नहीं करता है। जबकि दूसरी ओर यहां के प्राईवेट मोबाईल कम्पनियों के नेटवर्क बहुत ही अच्छे हैं जिसके कारण लोग बीएसएनएल के कार्ड को वापिस करके प्राईवेट मोबाईल कम्पनियों के कार्ड ले रहे हैं। बीएसएनएल की सेवा में सुधार हेतु यहां मोबाईल टॉवरों की संख्या बढ़ाना आवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि बीएसएनएल की मोबाईल सेवा के कार्यो की समीक्षा की जाये और मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में मोबाईल टेलीफोन सेवा दुरस्त की जाये।